सं. ए-12023/1/14-प्रशा।(। (बी)
भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

टेक्नालजी भवन, नया महरौली मार्ग,
नई दिल्ली-110016
दिनांक: 5 मार्च, 2021

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

विषय: विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति आधार पर स्टाफ कार ड्राइवर श्रेणी-। (स्तर 5, रु. 29200-92300/-), स्टाफ कार ड्राइवर श्रेणी-।। (स्तर 4, रु. 25500-81100/-), स्टाफ कार ड्राइवर, सामान्य श्रेणी (स्तर-2, रु. 19900-63200/-, समूह 'ग', के रिक्त पदों को भरे जाने के संबंध में।

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में समूह 'ग' में स्टाफ कार ड्राइवर श्रेणी-। (स्तर 5, रु. 29200-92300/-) के पद पर तीन रिक्तियों, स्टाफ कार ड्राइवर श्रेणी-।। (स्तर 4, रु. 25500-81100/-) के पद पर दो रिक्तियों, स्टाफ कार ड्राइवर, सामान्य श्रेणी (स्तर-2 (रु. 19900-63200/-), श्रेणी के पद पर दो रिक्तियों को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरे जाने का प्रस्ताव है। प्रतिनियुक्ति पर चयनित कार्मिक का वेतन समय समय पर यथासंशोधित कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17.06.2010 के का. ज्ञा. सं. 6/8/2009/स्था. (पे. II), के अनुसार विनियमित किया जाएगा।

2. स्टाफ कार ड्राइवर के पद के लिए अपेक्षित पात्रता शर्तें/शैक्षिक योग्यता इत्यादि अनुलग्नक I में दी गई है। पद के लिए आवेदन करने के इच्छुक कर्मचारी को बाद में अपना नाम वापस लेने की अनुमति नहीं होगी। अनुलग्नक- II के अनुसार अपेक्षित रूप से वैयक्तिक सूचना और सकर्तता अनापत्ति, सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र और विगत 5 वर्षों की एसीआर की अनुप्रमाणित प्रतियों से रहित नामांकनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदित पद हेतु स्पष्टतया उल्लेख कर रहे जीवनवृत का (अनुलग्लनक ।।), दस्तावेजों से विधिवत रूप से समर्थित, मूल्यांकन चयन समिति द्वारा प्रतिनियुक्ति आधार पर उम्मीदवार का पद पर चयन करते समय किया जाएगा।

3. उच्च वेतनमान का पद धारण कर रहे सरकारी कर्मचारी डीओपीटी के उपर्युक्त का. ज्ञा. के अनुसार इस पद हेतु आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।

4. अनुरोध है कि रिक्ति की सूचना परिचालित की जाए और जो पात्र कर्मचारी इस पद पर विचार किए जाने की इच्छा रखते हों, और जो सेवा से, चयन किए जाने पर अविलंब मुक्त किए जा सकते हों, उनके आवेदन अवर सचिव, स्थापना- II अनुभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, टेक्नालजी भवन, नया महरौली मार्ग, नई दिल्ली-110016 या dstadmdb-most@nic.in पर भेजे जा सकते हैं ताकि इम्प्लायमेंट न्यूज/ रोजगार समाचार में इस रिक्ति परिपत्र के प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर वे इस विभाग में पहुँच जाएं।

**(जे शिवरामकृष्णन)**
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 26590466

सेवा में,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग (मानक सूची के अनुसार)
2. कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (श्री श्रीराम मूर्ति, अवर सचिव, भर्ती नियम ), कमरा संख्या 215-अ, नार्थ Block, नई दिल्ली - 110001 (इस विज्ञापन को DOPT वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ)
3. नोटिस बोर्ड/गार्ड फ़ाइल
4. एनआईसी, डीएसटी को इस अनुरोध के साथ कि इसे रोजगार समाचार में रिक्ति परिपत्र के प्रकाशन की तारीख से 45 दिन तक डीएसटी की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाए।

अनुलग्नक- I

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | : | स्टाफ कार ड्राइवर (श्रेणी- I) |
| 2. | वर्गीकरण | : | सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'ग'<br>(अराजपत्रित, अलिपिकवर्गीय) |
| 3. | पदों की संख्या | : | तीन |
| 4. | वेतन स्तर/वेतनमान | : | स्तर 5 [रु. 29200-92300/-] |
| 5. | नियुक्ति की पद्धति | : | प्रतिनियुक्ति |
| 6. | पात्रता शर्तें | : | 1. इस श्रेणी में नियमित स्टाफ कार ड्राइवर (श्रेणी I) अथवा<br>2. स्टाफ कार ड्राइवर (श्रेणी II) में छः वर्षो की नियमित सेवा<br>(क) जो अंग्रेजी में आंकडे और संख्याएं पढ़ने में अनिवार्यत:सक्षम हों,<br>(ख) जो यातायात विनियमों का अनिवार्यत: अच्छा ज्ञान रखते हों,<br>(ग) जो पेट्रोल और डीज़ल इंजिनों की कार्यप्रणाली का अनिवार्यत: अच्छा ज्ञान रखते हों और खराबी का पता लगाने और चालन संबंधी लघु खराबी ठीक करने में अनिवार्यत: सक्षम हों,<br>(घ) जो कारब्यूरेटर, प्लग आदि को साफ करने में अनिवार्यत: सक्षम हों। |

नोट: { विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित इस पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि तीन वर्षों से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्रस्तुति की अंतिम तिथि को 56 वर्षों से अधिक नहीं होगी }

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | : | स्टाफ कार ड्राइवर (श्रेणी- II) |
| 2. | वर्गीकरण | : | सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'ग'<br>(अराजपत्रित, अलिपिकवर्गीय) |
| 3. | पदों की संख्या | : | दो |
| 4. | वेतन स्तर/वेतनमान | : | स्तर 4 [रु. 25500-81100/-] |
| 5. | नियुक्ति की पद्धति | : | प्रतिनियुक्ति |
| 6. | पात्रता शर्तें | : | 1. इस श्रेणी में नियमित स्टाफ कार ड्राइवर (श्रेणी II) अथवा<br>2. स्टाफ कार ड्राइवर (साधारण श्रेणी) में नौ वर्षों की नियमित सेवा<br>(क) जो अंग्रेजी में आंकडे और संख्याएं पढ़ने में अनिवार्यत:सक्षम हों,<br>(ख) जो यातायात विनियमों का अनिवार्यत: अच्छा ज्ञान रखते हों,<br>(ग)जो पेट्रोल और डीज़ल इंजिनों की कार्यप्रणाली का अनिवार्यत: अच्छा ज्ञान रखते हों और खराबी का पता लगाने और चालन संबंधी लघु खराबी ठीक करने में अनिवार्यत: सक्षम हों,<br>(घ) जो कारब्यूरेटर, प्लग आदि को साफ करने में अनिवार्यत: सक्षम हों। |

1. पद का नाम : स्टाफ कार चालक (सामान्य श्रेणी)

2. वर्गीकरण : सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'ग'
(अराजपत्रित, अलिपिकवर्गीय)

3. पदों की संख्या : दो

4. वेतनमान (वेतन बैंड/ ग्रेड वेतन) : स्तर 2 (रू. 19900-63200)

5. नियुक्ति की पद्धति :आमेलन/प्रतिनियुक्ति

**आमेलन:**

नीचे के कॉलम 6 में उल्लिखित योग्यता धारण कर रहे विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के नियमित डिस्पैच राइडर तथा समूह 'ग' कर्मचारियों के लिए स्टाफ कार चालन में आवश्यक समझी गई सक्षमता के मानक दृष्टि से पद पर उपयुक्तता को विनिर्णीत करने हेतु आयोजित ड्राइविंग परीक्षण के परिणाम के आधार पर।

**प्रतिनियुक्ति:**

भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों में स्टाफ कार ड्राइवर (सामान्य श्रेणी) के नियमित पद धारण कर रहे व्यक्ति

6. पात्रता की शर्तें

क) मोटर कार चालन हेतु वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखना
ख) मोटर चालन तंत्र की जानकारी (अभ्यर्थी वाहनों में छोटी-मोटी त्रुटियों को ठीक करने का जानकार होना चाहिए) और
ग) मोटर कार चलाने का न्यूनतम तीन वर्षों का अनुभव।

वांछनीय

आठवीं कक्षा उत्तीर्ण

टिप्पणी: यदि चयन प्रक्रिया के किसी चरण में सक्षम प्राधिकारी का यह विचार हो कि अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति की आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी संभवत: पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हैं तो उनके मामले में अनुभव संबंधी अर्हता में सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्व-विवेक से ढील दी जा सकती है।

टिप्पणी- {विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में इस प्रतिनियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग बाह्य पद की प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित इस पद हेतु प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यत: पाचं वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति की अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी}।

<u>अनुलग्नक -II</u>

<u>(विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में स्टाफ कार ड्राइवर (श्रेणी-I, श्रेणी-II, सामान्य श्रेणी) के पद हेतु आवेदन प्रपत्र)</u>

<u>उचित माध्यम से प्रस्तुत किया जाए</u>

<u>प्रपत्र (जीवन वृत्त)</u>

(जो लागू न हो, उसे काट दें)

1. नाम एवं कार्यालय का पता (स्पष्ट अक्षरों में) :

2. जन्म की तारीख (ईसवी सन् में) :

3. सेवानिवृत्ति की तारीख :

4. शैक्षणिक अर्हताएं :

क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं पूरी की जा रही हैं। (यदि किसी अर्हता को नियमों में विहित किसी अर्हता के समकक्ष माना गया हो, तो उसके लिए प्रमाण दें) :

| अपेक्षित योग्यता/ अनुभव | पदधारी की अर्हता/ अनुभव |
|---|---|
| <u>अनिवार्य:</u><br><br><u>वांछनीय:</u> | |

6. ऊपर दी गई प्रविष्टियों को देखते हुए कृपया यह स्पष्ट करें कि क्या आप पद की अपेक्षाएं पूरी करते हैं :

7. नियोजन का कालक्रमानुसार विवरण । यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो एक अलग शीट संलग्न करें जिसे आपके हस्ताक्षर द्वारा विधिवत अधिप्रमाणित किया गया हो ।

| कार्यालय/ विभाग | धारित पद | कब से | कब तक | धारित पद का वेतनस्तर/ वेतनमान मूल वेतन/ <u>ग्रेड वेतन</u> और पद का श्रेणीकरण (समूह) | क्या पद नियमित / तदर्थ आधार पर धारित किया गया | कार्यों की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

8. वर्तमान नियोजन की प्रकृति अर्थात्

(i)तदर्थ (ii)अस्थायी अथवा नियमित :

9. यदि वर्तमान नियोजन प्रतिनियुक्ति/संविदा

आधार पर है, तो कृपया बताएं :

(क) आरंभिक नियुक्ति की तारीख :

(ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि :

(ग) जिस मूल कार्यालय/संगठन से आप संबंधित हैं :

उसका नाम

10. वर्तमान विभाग अथवा नियोक्ता संगठन का नाम बताएं:

11. वर्तमान लेवल, मूल वेतन एवं अब प्रतिमाह आहरित कुल परिलब्धियाँ

12 अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका आवेदक पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहता है (इसमें अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित से संबंधित जानकारी प्रदान की जाए :

(i) अतिरिक्त शैक्षिक योग्यता

(ii) रिक्ति परिपत्र में विहित योग्यता के अलावा व्यावसायिक प्रशिक्षण और कार्य अनुभव।

यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अलग से शीट संलग्न करें :

13. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग :

के हैं ?

14. क्या विगत तीन वर्ष में कोई शास्ति लगायी गयी है ?

15. प्रमाणित है कि

मैंने रिक्ति परिपत्र को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया है तथा मुझे इस बात की पूरी जानकारी है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों द्वारा उचित रूप से समर्थित जीवनवृत्त का मूल्यांकन भी चयन समिति द्वारा पद पर चयन के समय किया जाएगा। मैं एततद्वारा प्रमाणित करता हूँ/ करती हूँ कि मेरे द्वारा प्रेषित सूचना मेरी सर्वोत्तम जानकारी में सही है।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

दिनांकः
स्थान :

पताः ..............................
.......................................
.....................................
टेलीफोन नं. ..........................

**प्रमाण-पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी .................................. के आवेदन में उनके द्वारा दी गई जानकारी सही है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी .......................................................... के विरूद्ध सतर्कता संबंधी कोई मामला लंबित अथवा अवेक्षित नहीं है तथा इनका सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र भी संलग्न है। विगत पाँच वर्षों का एसीआर डोसियर (अनुप्रमाणित प्रतियां) और शास्ति विवरण भी संलग्न है।

(नियोक्ता के हस्ताक्षर, मुहर)